मूल्य 1 रु.
वर्ष: 11 - अंक : 212, मुंबई, सोमवार, 11 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान


# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







### बॉलीवुड के ड्रग्स कोडवर्ड

# NCB का दावा

## आर्यन ने पैडलर को 'फुटबॉल' लाने के लिए कहा था

### इसका मतलब है ड्रग्स की बल्क क्वांटिटी



**संवाददाता,**

**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान मुंबई की आर्थर रोड जेल में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। शुक्रवार को आर्यन की जमानत अर्जी पर मुंबई की किला कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने आर्यन की व्हाट्स ऐप चैट के हवाले से बड़ा खुलासा किया। ASG अनिल सिंह ने अदालत को बताया कि आर्यन और ड्रग्स सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार अचित कुमार की एक चैट NCB के हाथ लगी है। इसमें आर्यन उनसे कोडवर्ड में 'फुटबॉल' लाने की बात कह रहे हैं। बता दें कि अचित कुमार ड्रग्स पेडलर है। उसे NCB ने आर्यन खान और अरबाज मर्चेंट की निशानदेही पर पवई इलाके से गिरफ्तार किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### NCB ने क्या बताया 'फुटबॉल' का मतलब?

कोर्डवर्ड फुटबॉल के मतलब का खुलासा NCB की ओर से ASG अनिल सिंह ने किला कोर्ट में किया है। उन्होंने कहा कि NCB को संदेह है कि फुटबॉल का मतलब 'बल्क क्वांटिटी' में ड्रग्स से है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खुली अदालत में ऐसे कोडवर्ड के बारे में वे अधिक नहीं बोलना चाहते।

### उद्धव सरकार का बड़ा तोहफा

## कोरोना ड्यूटी में लगे रेजिडेंट डॉक्टरों को मिलेंगे 1.21 लाख



**संवाददाता,**

**मुंबई।** कोरोना महामारी का सबसे ज्यादा कहर झेल चुके महाराष्ट्र में अब कोरोना मरीजों का ग्राफ लगातार गिर रहा है। इसके लिए सबसे ज्यादा क्रेडिट उन लाखों डॉक्टरों को जाता है जो इस महामारी के दौर में भी लोगों का इलाज करते रहे। अब ऐसे ही रेसिडेंट डॉक्टरों को उद्धव सरकार बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है। कोरोना काल में मरीजों की सेवा करने के लिए सभी सरकारी और म्युनिसिपल मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट डॉक्टरों को 1.25 लाख रुपये का इंसेंटिव देगी। कोरोना काल में दिन-रात सेवाएं देने वाले राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों के योगदान को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने यह फैसला किया है। राज्य सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### महाराष्ट्र में डेथ रेथ 2 प्रतिशत के पास

वहीं, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में रिकवरी रेट 97 प्रतिशत से ज्यादा है। जबकि डेथ रेट 2 प्रतिशत के आसपास है। राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 63 लाख 95 हजार के करीब है।

### बिजली संकट पर राहत की खबर

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री बोले देश में कोयले की कमी नहीं



**संवाददाता,**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत 6 राज्यों में बिजली संकट की आहट शुरू हो गई है। राज्यों ने केंद्र सरकार से बिजली संकट से निपटने के लिए कोटा के हिसाब से राज्य की कोयला आपूर्ति को बढ़ाने की मांग की है। दिल्ली के बिजली मंत्रालय इरएर और टाटा पावर के अधिकारियों ने बिजली प्लांट में कोयले की कमी को लेकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से मुलाकात की। ऊर्जा मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली को आवश्यक बिजली सप्लाई हो रही है और वो आगे भी जारी रहेगी। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि मोदी सरकार सभी को आश्वस्त कर रही है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने का कोई खतरा नहीं है। कोल इंडिया लिमिटेड के पास 24 दिन की कोयले की मांग के बराबर 43 मिलियन टन कोयले का पर्याप्त स्टॉक है। थर्मल पावर प्लांट्स में रोलिंग स्टॉक दैनिक आपूर्ति के साथ भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून की वापसी के साथ, आने वाले दिनों में कोयले की खेप बढ़ने से कोयले का स्टॉक बढ़ जाएगा। कोयले का पर्याप्त भंडार है, डरने की जरूरत नहीं है।

**बिजली की कमी नहीं होगी:** आरके सिंह सिंह ने भी कहा - बिजली की कमी नहीं होगी। हमारे पास एक औसत कोयला भंडार (पावर स्टेशन पर) है जो 4 दिन से अधिक समय तक चल सकता है। स्टॉक हर दिन भर दिया जाता है। मैं केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी के संपर्क में हूं। कोयले की कमी को लेकर डर पैदा किया जा रहा है। इसकी वजह GAIL और टाटा के बीच हुआ गलत कम्युनिकेशन है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## परमबीर सिंह हाजिर हों...

### हफ्ता वसूली के मामले में पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस ने भेजा नोटिस




**संवाददाता,**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शनिवार को मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर आईपीएस परमबीर सिंह के आवास के बाहर एक नोटिस चस्पा कर उनसे जबरन वसूली के एक मामले में 12 अक्टूबर को पेश होने को कहा है। हाल में, महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने कहा था कि ऐसी खबरें हैं कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त ने देश छोड़ दिया है लेकिन कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। सिंह राज्य में कम से कम पांच आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### भीड़ से बचना जरूरी

कई पर्यटन स्थलों पर भीड़ देखी जा रही है। सामाजिक, राजनीतिक या धार्मिक वजहों से भी जुटान हो रही है। इससे संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को बल मिलने लगा है। बढ़ती भीड़ के मद्देनजर आइसीएमआर के विशेषज्ञों ने खास एहतियात बरतने की सलाह दी है। हिमाचल प्रदेश के आंकड़ों से स्पष्ट है कि त्योहारों के मौसम में पर्यटकों की वजह से आबादी में 40 फीसदी तक बढ़ोतरी हो जाती है।

उमड़ती भीड़ से तीसरी लहर की गंभीरता 47 प्रतिशत तक बढ़ सकती है यानी आवाजाही के प्रतिबंधों में ढील संक्रमण की एक अन्य लहर का कारण बन सकती है। आइसीएमआर के बलराम भार्गव, समीरन पांडा और संदीप मंडल तथा इंपीरियल कॉलेज लंदन के निमालन अरिनामिनपथी के शोध पत्र 'कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के भीतर जिम्मेदारी पूर्ण यात्रा' में चेताया गया है कि जनघनत्व बढ़ने से तीसरी लहर गंभीर हो सकती है।

दूसरी लहर के दौरान संक्रमण की तीव्रता कम जनघनत्व वाले राज्यों में अपेक्षाकृत कम थी। हालांकि, अब देश में वैक्सीन की 90 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं, लेकिन ध्यान रखें महामारी के खिलाफ जंग अभी खत्म नहीं हुई है। अभी 100 करोड़ से अधिक लोगों के टीकाकरण और हर एक को दूसरी खुराक मुहैया कराने का बड़ा लक्ष्य हासिल करना है। त्योहारों की शुरुआत हो रही है, हमें बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, उपासना स्थलों पर जमा होती भीड़ का हिस्सा बनने से बचना है, क्योंकि कुछ राज्यों में संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

अब भी कुछ देश महामारी की गंभीरता का सामना कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने त्योहारों के दौरान संक्रमण से बचाव के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दीवाली के बाद दो हफ्तों तक विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कुछ जगहों पर डेंगू, स्क्रब टाइफस, टाइफॉयड बुखार और वायुजनित रोगों के मामलों में तेजी आयी है। ऐसे में कोविड या फ्लू, डेंगू, टाइफॉयड बुखार या वायरल हेपेटाइटिस में अंतर कर पाना डॉक्टरों के लिए मुश्किल हो रहा है।

बीमारी की चपेट में आने से बचने के लिए हमें मास्क पहने के साथ-साथ भीड़भाड़ से दूर रहना होगा। समय के साथ वैक्सीन से उत्पन्न प्रतिरक्षा की प्रकृति और असर में भी बदलाव आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 वैक्सीन उत्पादक है, लेकिन यह भी सच है कि भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी का टीकाकरण करना है। टीकाकरण से सामान्य जनजीवन, आवाजाही में सहूलियत मिलेगी।

चूंकि, घरेलू पर्यटन पर रोक संबंधित कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं है, लिहाजा पर्यटन स्थलों वाले राज्यों को पर्यटन से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए स्पष्ट मानदंड बनाने चाहिए। तीसरी लहर की संभावना और गंभीरता के बारे में अभी स्पष्ट नहीं है। अतः देश-समाज के हितों के मद्देनजर पर्यटकों, स्थानीय निवासियों और जिम्मेदार स्थानीय प्राधिकरणों को जिम्मेदारी भरा बर्ताव करने की आवश्यकता है।

# विदेशी निवेश के अनुकूल है भारत

**नयी पीढ़ी की कौशल दक्षता, स्टार्टअप, आउटसोर्सिंग और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति के कारण अब विदेशी निवेशक 'भारत क्यों की जगह भारत ही क्यों नहीं' कहने लगे हैं।**



**एक** अक्टूबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित दुबई एक्सपो में 191 देशों की मौजूदगी में भारतीय पवेलियन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व समुदाय को भारत में निवेश करने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि भारत निवेश के लिए अनुकूल अवसरों का देश है। कहा, भारत आर्थिक सुधारों, नवाचार व तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है।

वैश्विक रिपोर्टों में भारत को निवेश अनुकूल देश बताया जा रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 में देश में एफडीआइ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2020-21 में एफडीआई 19 प्रतिशत बढ़ कर 59.64 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान इक्विटी, पुनर्निवेश आय और पूंजी सहित कुल एफडीआई 10 प्रतिशत बढ़ कर 81.72 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2019-20 में एफडीआइ का कुल प्रवाह 74.39 अरब डॉलर था।

जब पिछले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट रही है, इसके बावजूद विदेशी निवेशकों ने भारत को प्राथमिकता क्यों दी? इसका जवाब है कि भारत में निवेश पर बेहतर रिटर्न है, यहां डिमांड वाला बाजार है। एक ही बाजार में कई तरह के बाजारों की लाभप्रद निवेश विशेषताएं हैं। कोरोना के बीच शेयर बाजार ने ऊंचाई प्राप्त की है। विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है, डिजिटल अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। शोध व नवाचार में तरक्की हुई है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) सहित विभिन्न उद्योग संगठनों ने कहा कि भारी एफडीआइ प्रवाह से वैश्विक निवेशकों के बीच भारत के पसंदीदा निवेश गंतव्य होने की पुष्टि हुई है। विदेशी निवेशक पहले शेयर बाजार को अच्छी तरह मूल्यांकित करते हैं। इस समय निवेशक भारत के शेयर बाजार की तेजी को महत्व दे रहे हैं। जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 23 मार्च, 2020 को 25981 अंकों के साथ ढलान पर था, वह 27 सितंबर को 60000 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 सितंबर को 638 अरब डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया।

महामारी के कारण लॉकडाउन में ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन एजुकेशन तथा वर्क फ्रॉम होम की प्रवृत्ति, बढ़ते इंटरनेट के उपयोगकर्ता, सरकारी सेवाओं का तेजी से डिजिटलीकरण हुआ है। इससे अमेरिकी टेक कंपनियों समेत कई कंपनियां भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा रिटेल सेक्टर के ई-कॉमर्स बाजार की संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए निवेश कर रही हैं।

एफडीआइ बढ़ने का बड़ा कारण है कि सरकार ने कई ऐतिहासिक सुधार किये हैं। बड़े टैक्स रिफॉर्म हुए हैं। जीएसटी लागू हुआ। कॉरपोरेट कर में बड़ी कमी की गयी है। आधार बायोमेट्रिक परियोजना, रेलवे, बंदरगाहों तथा हवाई अड्डों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण जैसी योजनाओं को लागू किया गया है। निवेश और विनिवेश के नियमों में परिवर्तन भी किये गये हैं। पिछले कुछ वर्षों में 1500 से ज्यादा पुराने व बेकार कानूनों को खत्म किया गया है। सुधारों की वजह से दुनिया का नजरिया बदला है।

नयी पीढ़ी की कौशल दक्षता, स्टार्टअप, आउटसोर्सिंग और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति के कारण अब विदेशी निवेशक भारत क्यों की जगह भारत ही क्यों नहीं कहने लगे हैं। जो देश नवाचार में आगे बढ़ते हैं, वहां एफडीआइ बढ़ने लगता है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआइपीओ) द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) 2021 में भारत दो पायदान ऊपर चढ़ कर 46वें स्थान पर पहुंच गया है।

पिछले वर्ष 2020 में जब दुनिया में कोरोना की पहली लहर आयी, तब भारत ने भी दुनिया के कई विकसित देशों की तरह कोरोना वैक्सीन पर शोध शुरू किया, लगातार प्रयोग किये गये और कुछ ही महीनों में कोरोना वैक्सीन विकसित की। अब सितंबर 2021 में दिखाई दे रहा है कि भारत कोरोना वैक्सीन का बड़ा उत्पादक देश बन गया है। साथ ही भारत से जरूरतमंद देशों को कोरोना टीकों का निर्यात किया जा रहा है।

इसमें भी कोई दो मत नहीं हैं कि कोविड-19 के कारण चीन के प्रति बढ़ती हुई नकारात्मकता और भारत की सकारात्मक छवि के कारण भी भारत में एफडीआइ प्रवाह बढ़ा है। कोरोनाकाल में भारत ने दुनिया के कई देशों को कोरोना उपचार की दवाइयां निर्यात की हैं। चूंकि दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गये, ऐसे में भारत ने इस अवसर का दोहन करके कृषि निर्यात बढ़ा लिया और इससे दुनिया के विकासशील ही नहीं, कई विकसित देशों को खाद्यान्न और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की कमी के बीच उन्हें बड़ी राहत दी।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक भारत दुनिया में नौवें क्रम का सबसे बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है। दुनियाभर में भारत के द्वारा उपलब्ध करायी गयी खाद्य सुरक्षा का स्वागत किया जा रहा है। ऐसी सकारात्मकता के कारण भारत के कृषि क्षेत्र में भी विदेशी निवेश बढ़ा है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि सात विकसित औद्योगिक देशों अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, इटली और जापान के समूह यानी जी-7 के वित्त मंत्रियों की बैठक में वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट कर की दर को न्यूनतम 15 फीसदी रखे जाने हेतु ऐतिहासिक समझौते पर सहमति बनी है। यह कर समझौता वैश्विक कर परिदृश्य में दशकों का सबसे बड़ा और दूरगामी परिवर्तन साबित हो सकता है। ऐसा समझौता भारत के लिए लाभप्रद होगा। इस तरह के समझौते के बाद भारत में एफडीआइ बड़ी रफ्तार से बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे।

यदि हम चालू वित्त वर्ष 2021-22 में पिछले वित्त वर्ष के तहत प्राप्त किये गये करीब 82 अरब डॉलर के एफडीआइ से अधिक की नयी ऊंचाई चाहते हैं, तो जरूरी होगा कि वर्तमान एफडीआइ नीति को और अधिक उदार बनाया जाए। जरूरी होगा कि देश में लागू किये गये आर्थिक सुधारों को तेजी से क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाया जाए। जरूरी होगा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की विभिन्न बाधाओं को दूर करके इसका विस्तार किया जाए। ऐसा किये जाने पर चालू वित्त वर्ष 2021-22 में एफडीआइ की चमकीली संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जा सकेगा और इससे देश के उद्योग, अर्थव्यवस्था और कारोबार तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# एनसीपी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और पत्रकार पर हुए हमले को लेकर आम आदमी पार्टी के डॉ अल्तमश फैजी ने की पत्रकार परिषद





**संवाददाता / समद खान**

**मुंबा।** गत 7 अक्टूबर बुधवार श्याम 4:30 बजे के करीब न्यूज कवर करने गऐ। पत्रकार सुल्तान रजा रिजवी पर एनसीपी के नेता द्वारा किया गया है। मले को लेकर राजनीतिक पार्टी में भारी विरोध होता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल मामला कुछ इस तरह से बताया जा रहा है। पिछले कई दिनों से पत्रकार सुल्तान रजा रिजवी एनसीपी द्वारा भ्रष्टाचार के मामले की खबरें लगातार उनके डीडीएस टीवी न्यूज चैनल के माध्यम से प्रकाशित की जा रही थौ। इसी हमले को और कई एनसीपी के भ्रष्टाचारी मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के डॉ अल्तमश फैजी द्वारा पत्रकार परिषद की गईं। उन्होंने पत्रकार पर हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दिखाते हुए कहा, कि मैं इस हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूँ, पत्रकार पर एनसीपी के लोगों को हमला नहीं करना चाहिए थौ। अगर पत्रकार ने कुछ अभद्र भाषा का उपयोग विरोधी पक्ष नेता शानू पठान के खिलाफ किया है, तो उनका काम था प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उन पर लगाए गए आरोपों को जवाब देते यह कौन सा तरीका है। यह पत्रकार पर हमला कर देना यह कहीं ना कहीं उनकी दबंगई को दशार्ता है। उन्होंने एनसीपी पर यह आरोप लगाया है, कि एनसीपी जो चाहे मुंब्रा में कर सकती है। पूरा पुलिस प्रशासन और मानपा प्रशासन इनके इशारों पर काम करता है। यह जिस पर चाहे एफ आई आर दर्ज करवा दें पत्रकार पर हमला करवा दे। शहर में दहशत का माहौल कायम किया जा रहा है। कहीं पत्रकार का मकान मानपा प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के ध्वस्त किया जा रहा है। और वही शहर में चल रहे अनगिनत अवैध बांधकाम के ऊपर मनपा प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़तौ। यह मानपा प्रशासन और एनसीपी की मिली जुली सरकार है। इन अवैध बांधकामओं के माध्यम से दोनों लोगों को भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता है। और एनसीपी विकास के ढिंढोरा पीट रही है। विकास के नाम पर तो एनसीपी ने कुछ किया ही नहीं और दारुल फला की जमीन पर अपनी बात रखते हुए कहा कि वहां पर गार्डन ही बनना चाहिए या अगर गार्डन नहीं बने तो बच्चों को पढ़ने के लिए कंटेनर लाइब्रेरी बना दी जाऐ। ताकि शहर के बच्चे पढ़ सके दूसरी ओर ए आई एम आई एम पार्टी के सैफ पठान अपना फेसबुक पर वीडियो डालकर पत्रकार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। और उन्होंने शहर के कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठा ते हुए माननीय पुलिस आयुक्त और महाराष्ट्र राज्य के डीजीपी से इस मामले की कड़ी जांच करने की मांग की है। उन्होंने इस हमले पर अपनी प्रतिक्रिया रखते हुए कहा की, मुंब्रा शहर में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहने वाले पत्रकार सुरक्षित नहीं है। तो आम जनता की सुरक्षा कौन करेगौ। और कहां अगर मैं वहां होता तो मैं अपने पत्रकार भाई के साथ खड़ा रहतौ। उन्होंने कहा कि मुंब्रा शहर का विकास किस ओर जा रहा है मेरे आने में कुछ दिन और बचे हैं मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा।

# मोटरसाइकिल सवार को उड़ा कर फरार हुआ ट्रक चालक



**संवाददाता,**

**मुंबा।** मोटरसाइकिल सवार को ट्रक से उड़ा कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। मामला यह बताया जा रहा है। गत 7 अक्टूबर गुरुवार रात के समय में अपनी मोटरसाइकिल लेकर कल्याण फाटा परिसर से गुजरता हुआ संपत पाटिल वर्ष 35 उत्तरशिव एकता कांटे के पास से जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को उड़ा कर फरार हो गया यह ट्रक चालक ने अपने ट्रक को इतनी तेज गति से दौड़ा कर ले गया, कि किसी को देखने का मौका तक नहीं मिला और जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही शील डायगर पुलिस स्टेशन के एएसआई बृजेश पांडे ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल में भेज दिया। आरोपी अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ हिट एंड रन का मामला दर्ज कर दिया। लेकिन अभी तक फरार ट्रक चालक की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई शील डायगर पुलिस उसको खोजने में लगी है।

# तीन अज्ञात लोगों की लाश मिलने से मुंब्रा में सनसनी

**संवाददाता,**

**मुंबा।** तीन अज्ञात लोगों की लाश मिलने से मुंब्रा में सनसनी का माहौल पैदा हो गया है मुंब्रा पुलिस को मिली तिन लाशों में से एक लाश महिला की बताई जा रही है और अन्य दो लाश पुरुषों की बताई जा रही है विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरुष की लाश मुंब्रा के रेतीबंदर परिसर के राने नगर नंबर 1 बरामद की गई स्थानीय रहवासियों द्वारा लाश की हालत बहुत बुरी स्थिति मैं बताई जा रही है लाश सड़ जाने से उस में से दुर्गंध आ रही थी स्थानीय रहवासियों द्वारा पुलिस को सूचित कर इस बात की जानकारी दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश के बारे में जानकारी प्राप्त करने में जुट गई और वहीं दूसरी ओर रात 8:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मुंब्रा रेलवे स्टेशन की पट्टी के पास से बरामद की गई यह लाश पुरुष की बताई जा रही है और अनुमान लगाया जा रहा है इसकी आयु 30 से 35 वर्ष तक हो सकती है फिर एक अज्ञात लाश और मिली वह लाश चूहा पुल से बहती हुई मुंब्रा डंपिंग ग्राउंड में से बरामद की गई यह लाश महिला की बताई जा रही है इसकी शिनाख्त सरिता प्रकाश जाधव के रूप में हुई है और रहवासी दिवा की बताई जा रही है फिलहाल पुलिस ने तिनों लाशों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल भेज दिया गौरतलब बात यह है बरामद की गई तिन लाशों में से पुलिस ने एक लाश की शिनाख्त कर ली है अन्य दो लाशों की शिनाख्त होना बाकी है फिलहाल मुंब्रा पुलिस इन तीनों लाशों के बारे मैं छानबीन करने में जुट गई है और



मृतक सरिता प्रकाश जाधव

साथ-साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का भी पुलिस इंतजार कर रही है रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा इन तीनों लोगों की मौत किस तरह से हुई है

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### NCB का दावा आर्यन ने पैडलर को 'फुटबॉल'...

**दीपिका के ड्रग्स चैट भी हुए थे लीक**

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत सुसाइड मामले में ड्रग्स एंगल सामने आने पर NCB के हवाले से एक वॉट्सएप चैट भी लीक होकर वायरल हुआ था। जिसमें 'हैश' व 'वीड' जैसे कोडवर्ड का इस्तेमाल किया गया था। NCB के मुताबिक, इसका मतलब 'हशीश' और 'गांजा' था। इस मामले में दीपिका की मैनेजर करिश्मा प्रकाश से भी NCB ने घंटों पूछताछ की थी। दीपिका को भी NCB दफ्तर बुलाकर कई घंटे पूछताछ की गई थी। हालांकि, पूछताछ में एक्ट्रेस ने कहा था कि वे बड़ी सिगरेट और छोटी सिगरेट के बारे में बात कर रहीं थीं।

**रिया चक्रवर्ती का भी कोड वर्ड आया था सामने**

रिया चक्रवर्ती और शोविक के बीच हुई वॉट्सएप चैट में 'बड' नामक कोर्डवर्ड इस्तेमाल हुआ था। इसी प्रकार अभिनेता सुशांत सिंह सुसाइड केस की जांच के दौरान 'रुपया', 'डॉलर' और 'पाउंड' जैसे कोडवर्ड भी ड्रग्स के लिए इस्तेमाल हुए थे।

### उद्धव सरकार का बड़ा तोहफा...

**रेजिडेंट डॉक्टर्स ने की थी हड़ताल**

इसके पहले महाराष्ट्र स्टेट एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (मार्ड) ने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल किया था। जिस पर बीते 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने निवासी डॉक्टरों की मांगों को लेकर तत्काल हल निकालने के निर्देश दिए थे।

### बिजली संकट पर राहत की खबर ....

**बिजली संकट से संबंधित मैसेज भेजने पर कार्रवाई होगी** - सिंह ने कहा कि वास्तव में न तो कोई संकट था और न ही कोई संकट है। मैंने टाटा पावर के उएड को कार्रवाई की चेतावनी दी है, अगर वे ग्राहकों को डर पैदा करने वाले आधारहीन मैसेज भेजते हैं तो कार्रवाई होगी। GAIL और टाटा पावर के मैसेज गैर-जिम्मेदाराना हैं।

**दिल्ली को मिलती रहेगी सप्लाई** - सिंह ने कहा कि बिजली संकट को लेकर पैनिक तब हुआ, जब GAIL ने भवाना पावर प्लांट को सूचित किया कि 2 दिन बाद वो पावर सप्लाई रोक देंगे। मंत्री ने बताया कि GAIL का कॉन्ट्रेक्ट खत्म होने वाला था। उन्होंने कहा कि आज बैठक में शामिल GAIL के CMD को मैंने सप्लाई जारी करने को कहा है। गुजरात, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और तमिलनाडु सहित कई राज्यों ने बिजली प्लांट में कोयले की कमी पर चिंता जताई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि अगर आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो अगले दो दिन में राष्ट्रीय राजधानी में 'ब्लैकआउट' हो सकता है।

**कोयला संकट की वजह से परेशानी** - देश में लगभग 70% बिजली कोयले से बनती है। बिजली उत्पादन के लिए पावर प्लांट्स के पास कोयले का स्टॉक काफी कम रह गया है। देश में कोयले के 135 पावर प्लांट हैं। इनमें अभी 2 से 4 दिन का स्टॉक है।

### परमबीर सिंह हाजिर हों...

अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा उपनगर गोरेगांव में सिंह के खिलाफ दर्ज वसूली के मामले की जांच कर रही है और उनसे पूछताछ करना चाहती है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस की एक टीम मालाबार हिल इलाके में नीलिमा भवन स्थित सिंह के फ्लैट पर गई और उनके वहां नहीं होने के कारण बाहर नोटिस चस्पा किया। बिल्डर सह होटल व्यवसायी बिमल अग्रवाल की शिकायत पर गोरेगांव थाने में मामला दर्ज किया गया था। सिंह के अलावा बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वझे, सुमित सिंह उर्फ चिंटू, अल्पेश पटेल, विनय सिंह उर्फ बबलू और रियाज भाटी को प्राथमिकी में आरोपी बनाया गया है। उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास के पास एक एसयूवी मिलने के मामले में सचिन वझे की गिरफ्तारी के बाद परमबीर सिंह को मुंबई पुलिस प्रमुख पद से हटा दिया गया और होमगार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।









# हर ओर चीख, चाकू से धमकाते लुटेरे और चलती ट्रेन में दरिंदगी...

## पुष्पक एक्सप्रेस में खौफ के वो पल

**कल्याण।** लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में महिला यात्री के साथ दरिंदगी और लूटपाट की घटना ने हर किसी को हैरान कर दिया है। इगतपुरी और कसारा स्टेशनों के बीच लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में शुक्रवार की शाम कुछ लुटेरों ने 20 वर्षीय महिला यात्री के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। यात्रियों के साथ मारपीट की और उन्हें लूटा। ट्रेन में यात्रा कर रहे कुर्ला के अंकुश कुमार ने बताया कि आरोपी चाकू दिखाकर लूट रहे थे। यदि कोई विरोध करता, तो उसे पीट देते थे। भिवंडी के मुश्ताक ने बताया कि उससे पांच हजार रुपये लूट लिए। पूरे डिब्बे में दहशत का माहौल था। लोग चिल्ला रहे थे।

**नशे में थे आरोपी**

एक यात्री ने बताया कि हम में से किसी ने कंट्रोल रूम को फोन किया और जैसे ही कसारा स्टेशन पर ट्रेन पहुंची लोग चिल्लाने लगे। पुलिस तब तक आ चुकी थी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा और एक शौचालय में चला गया, जिसे बाद में कल्याण पुलिस को सौंपा गया। कुछ आरोपी घाट में जब ट्रेन धीमी हुई, तो उतर गए। सभी आरोपी नशे की हालत में थे। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी फरार हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट ने सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा है।

**ट्वीट से से मिली पुलिस को जानकारी**

मुंबई जीआरपी के पुलिस आयुक्त कैसर खालिद ने बताया कि



यह अपराध तब किया गया, जब एक्सप्रेस ट्रेन घाट खंड से गुजर रही थी। खालिद ने एक ट्वीट कर घटना और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेन इगतपुरी स्टेशन से मुंबई की ओर रवाना हुई थी।

इसी दौरान 8 लोग हथियारों के साथ जनरल बोगी में सवार हो गए। आरोपियों ने हथियार दिखाकर यात्रियों को लूटना शुरू कर दिया। ज्यादातर यात्रियों से मोबाइल और पैसे छीन लिए। 16 यात्रियों से लूटमार की गई। इसके बाद अपने पति के साथ यात्रा कर रही 20 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम प्रकाश उर्फ पक्या, अरशद हुसैन शेख, अर्जुन सुभाष सिंह परदेसी और किशोर नंदू सोनवने उर्फ कालू हैं। इनकी उम्र 20 से 21 वर्ष है। पुलिस इनके पुराने रेकॉर्ड खंगाल रही है। आरोपी इगतपुरी, मालवणी तथा घोटी के रहने वाले बताए गए हैं।

**पीड़िता की मेडिकल जांच**

कैसर खालिद ने बताया कि ट्रेन के कसारा पहुंचने पर यात्रियों ने मदद मांगी थी। उन्होंने कहा कि जीआरपी मुंबई के अधिकारी और कर्मचारियों ने तत्काल कदम उठाया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा, ह्यपीड़िता 20 साल की है और उसे हमारी महिला अधिकारी की ओर से मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। वह ठीक है। हम सभी सबूत जुटा रहे हैं। हमारी टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**यात्रियों के मोबाइल छीने**

पुलिस उपायुक्त और अपराध शाखा की एक टीम मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने ट्रेन यात्रियों से 96,390 रुपये की लूट की, जिसमें ज्यादातर मोबाइल फोन थे। पुलिस ने आरोपियों से अब तक 34,200 रुपये की संपत्ति बरामद की है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत शर्मा ने की जी न्यूज को विदेशी कंपनियों से बचाने की मांग

शर्मा ने अपने बयान में कहा भारतीय लोकतंत्र की मजबूत आवाज है जी न्यूज और जी के मनोरंजन चैनल।इन पर इन्वेस्को के निवेश वाले ओएफआई ग्लोबल चाइन फंड और इन्वेस्को डेवलपिंग मार्केटस फंड के पुनीत गोयनका को हटाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मांग की। ओएफआई ग्लोब्ल चाइना फंड एलएलपी के साथ इन्वेस्को डेवलपिंग फंड की जी में 17. 88 प्रतिशत है। देश भक्त सुभाषचन्द्रा ने कडी मेहनत और संघर्ष के बाद हर भारतीय की आवाज बनकर जी न्यूज को आज सर्वश्रेष्ठ भारतीय न्यूज चैनल बना दिया है। जी चैनल पर समाचार निष्पक्ष एवं देश हित से जुडे होते हैं और अराजक तत्वों को यह बेनकाब करता जा रहा है। इसी की बौखलाहट से विदेशी कंपनियां इसे हथियाने का षडयंत्र रच रही है।



## पाकिस्तान के लिए परमाणु हथियार बनाने वाले डा अब्दुल कादिर खान का निधन, भारत से था गहरा रिश्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डा अब्दुल कादिर खान का रविवार को निधन हो गया है। वह 85 वर्ष के थे। उन्हें पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का जनक माना जाता था। आज सुबह ही उनका निधन हुआ है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, कादिर खान की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार रात को उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद आज सुबह 7:04 बजे उनका निधन हो गया। डाक्टरों ने बताया कि उनकी मृत्यु फेफड़ों के खराब होने से हुई है।

**पाकिस्तानी नेताओं ने जताया दुख**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री परवेज खट्टक और अन्य संघीय मंत्रियों ने वैज्ञानिक के निधन पर दुख व्यक्त किया है।खट्टक ने उर्दू में ट्वीट



करते हुए लिखा, 'डा अब्दुल कादिर खान के दुखद निधन पर गहरा दुख हुआ। यह बहुत बड़ी क्षति है। पाकिस्तान हमेशा राष्ट्र के लिए उनकी सेवाओं का सम्मान करेगा। राष्ट्र हमारी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में उनके योगदान के लिए उनका ऋणी है।'




# लवकुश रामलीला आयोजकों के खिलाफ दर्ज हुई FIR

## कोरोना नियमों के उल्लंघन का लगा आरोप

**दिल्ली।** कोरोना नियमों के उल्लंघन के आरोप में दिल्ली पुलिस ने लवकुश रामलीला समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आयोजन में मौजूद कई लोगों और आयोजकों ने फेस मास्क नहीं पहने हुए थे और सामाजिक दूरी का पालन नहीं कर रहे थे। बता दें कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने इस साल राजधानी में कोरोना नियमों के साथ रामलीला आयोजन को अनुमति दी है।




यह लाल किले की सबसे बड़ी रामलीला है, जहां कोविड के उचित व्यवहार के साथ लगभग 400 व्यक्तियों के साथ रामलीला आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। उत्तरी दिल्ली के कोतवाली पुलिस स्टेशन में धारा 188 (निषेधात्मक आदेशों का उल्लंघन) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने कहा कि आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों की संख्या स्थल की कुल बैठने की क्षमता से अधिक ना हो और कोई स्टॉल या मेला नहीं लगाया जाए। सभी को मास्क पहनना जरुरी होगा और लोगों के लिए अलग प्रवेश/निकास गेट होने चाहिए।

# खेतों में फिर जलने लगी पराली

## CM केजरीवाल ने की हरियाणा सरकार से बायो डि-कंपोजर घोल छिड़काव की मांग

**दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार से पराली से होने वाले वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने की मांग की है। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि हरियाणा सरकार को भी अपने किसानों की मदद करनी चाहिए, जैसे दिल्ली सरकार कर रही है। दिल्ली की तरह हरियाणा के भी सभी खेतों में बायो डी-कंपोजर के घोल का छिड़काव मुफ्त में किया जाए। इससे किसानों को पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ये बातें अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीटर यूजर के पोस्ट को रिट्वीट करते हुए कही। दरअसल, एक ट्वीटर यूजर ने एक वीडियो अपलोड किया है जिसमें खेतों में पराली जलते हुए दिखाया गया है। इन पराली के जलने से धुंआ दिल्ली तक पहुंचता है। जिससे यहां पर भी वायु प्रदूषण होता है। बता दें कि दिल्ली सरकार पहले भी आरोप लगाती रही है कि पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से दिल्ली में प्रदूषण होता है।



### पंजाब में आप आई तो पराली जलाने से मुक्ति

*दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पंजाब, जो सालाना लगभग दो करोड़ टन धान का पराली पैदा करता है, अगर राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो वह पराली जलाने से मुक्त हो जाएगा। बता दें, पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली ने पराली जलाने की समस्या का समाधान माइक्रोबियल साल्यूशन पूसा बायो-डीकंपोजर के रूप में दिया है और इसे पंजाब के सभी जिलों में मुफ्त में वितरित किया जाएगा, जैसे आप सरकार यहां करती रही है। गोपाल राय ने कहा, यह इतना कठिन नहीं है। आपको ऐसा करने के लिए केवल इच्छाशक्ति की जरूरत है।*

मुम्बई वरली10 अक्टूबर दिन रविवार को भारत विकास परिषद वरली ब्रांच सहयोगी संस्था जया फाउन्डेशन ने महिलाओ के मुफ्त मे रक्त जॉच शिविर का आयोजन किया गया ।

सेन्चुरी क्वार्टर्रस 7/6 दुकान आयुर्वेद जंक्शन पर किया गया । भारत विकास परिषद के वरली ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर खेतान जी अध्यक्ष श्री विनोद मोदी जी, सेक्रेटरी श्री नरेन्द्र हीरावत जी, कोषाध्यक्ष सौ. सुमन त्रिपाठी और जया फाउन्डेशन के अध्यक्ष श्रीमती जया छेडा जी, श्रीमती नंदा जी, सौ.सुमन त्रिपाठी, विमला जी रेशमा जी संजना जी, कल्पना जी व सभी पदाधिकारी उपस्थित थे ।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# देवगढ मुस्लिम महासभा के हकीम खान ने दिखाई मानवता




## मरीज को ब्लड देकर बचाई जान

**रिपोर्टर /सैय्यद अलताफ हुसैन**

**देवगढ़,राजसमंद।** देवगढ निवासी कमार्लाल सैन पिता मांगीलाल सैन का शनिवार को एक्सीडेंट हो जाने पर उन्हें तत्काल कामलीघाट नेशनल हाईवे पर स्थित स्तुति हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्हें बी-पोजेटिव ब्लड की तत्काल आवश्यकता होने पर इसकी सूचना देवगढ मुस्लिम महासभा ब्लॉक महासचिव को मिली। सूचना मिलने पर मुस्लिम महासभा ब्लॉक देवगढ के महासचिव हकीम खान उस्ता ने इंसानियत के खातिर बिना समय गवाए हॉस्पिटल पहुँचकर मरीज को एक यूनिट ब्लड देकर उसकी जान बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। उनके इस नेक कार्य को देखकर सभी लोगो ने इसकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी साथ ही मुस्लिम महासभा परिवार ने भी उनके इस नेक काम के लिए उन्हें मुबारकबाद दी।

## हाफिज अब्दुल माजीद इस्लाही हमराह अजिजाह सादिया सुबुही रिश्ता अजदवाज से मोनसलिक हो गए



**मधुबनी संवाददाता/ मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** यह खबर निहायत ही मोसर्रत और सादमानी के साथ दी जाती है अजीजम हाफिज अब्दुल माजीद सलम्ह बिन अब्दुल खालिक अंसारी मोकाम मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर भोआरा मधुबनी हमरा अजीजा सादिया सुबुही सलमहा बिंत जनाब खालिद अंसारी रिश्ता आजदवाज से मुंशी लीक हो गए शादी की बावाकार तकरीब नबटोलिया पंडोल जनाब खालीद साहेब के रिहाइश गाह पर अंजाम पजीर हुई इस पुर मुसर्रत मोका पर डॉक्टर अशफाक अंसारी, इंजीनियर साजिद अंसारी ,इंजीनियर वाजिद अंसारी, साजिद आजाद बुक स्टोर मधुबनी, डॉक्टर नईम अंसारी, डॉक्टर साहिद अंसारी, हाफिज हाफिज उल्लाह अंसारी ,मौलाना अब्दुल्लाह अंसारी, मौलाना सैफुल्लाह अंसारी ,नुमाइंदा मोहम्मद सालीम आजाद ,मोहम्मद मुस्तफा कमाल पाशा ,मौलाना कुद्रतुल्लाह अंसारी ,मास्टर नसीम ललु, इंजीनियर मुर्तजा अंसारी, मोहम्मद शाकिर आजाद इस्लामी, मौलाना अनीस उर रहमान इस्लामी, इंजीनियर सद्दाम हुसैन ,अनवर अली, डॉक्टर नईम अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, समेत कशीर तादाद मे मुख्तलिफ सुबह हयात से ताल्लुक रखने वाले सर करदा अपराध ने शिरकत करके नोओरुस जोड़े को अपनी नेक खाहेशात से नवाजा और दोनों के वालदेन को मुबारकबाद पेश की।

# मदनी मदरसा तासोल कक्षा एक से पांचवी तक फ्री एडमिशन के साथ उर्दू तालीम

**रिपोर्टर / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**तासोल,राजसमन्द।** मुस्लिम महासभा की रास्ट्रीय प्रमुख मोहतरमा फरहीन युनुश शेख एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहतरम ईमरान खान की अनुशंसा पर आज राजसमन्द जिले के तासोल स्थित मदनी मदरसा तासोल पर मुस्लिम महासभा के रास्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार एवम राजसमन्द जिलाध्यक्ष मोहतरमा रेहाना खान पठान द्वारा बताया गया कि शिक्षा हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। मदरसा अध्यक्ष जनाब मनसूर खान पठान ने बताया कि हिन्दू मुस्लिम सभी के लिए यहाँ स्टूडेंट बच्चे




बच्ची अध्ययनरत है साथ ही कक्षा एक से पांचवी तक एडमिशन फ्री है। इसके साथ ही जो स्टूडेंट उर्दू में तालीम पा रहे हैं उनकी सेवा भी मदरसा द्वारा फ्री रखी गई है जिलाध्यक्ष मोहतरमा पठान ने मदनी मदरसा अध्यक्ष मन्सूर खान साहब को तालीम शिक्षा के लिए एक अच्छा कदम उठाने पर शुक्रिया अदा किया इस दौरान साहिल खान,शाबीर खान,साइन खान अध्यापिका,आशियाना खान अध्यापिका,अफसाना खान,रुखसाना बेगम,खातून बेगम,आजाद खान,फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

# मोहम्मद वसीम अहमद साहब उपाध्यक्ष अकल यति सेल जनता दल यूनाइटेड ने नो मुंतखब अमीरे शरियत मौलाना फैसल वली रहमानी को अमीरे शरियत का वाल्हा ना इस्तकबाल

**मधुबनी संवाददाता / मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मौलाना फैसल वली रहमानी को इमारत सरिया के आठवीं अमीर शरीयत मुंतखाब होने पर मोहम्मद वसीम अहमद उपाध्यक्ष अकल आती सेल जनता दल यूनाइटेड ने ढेर सारी मुबारकबाद दी । उन्होंने कहा कि पूरी उम्मते मुसलमाह के तवककाआत पर बिला शोबा मौलाना फैसल वली रहमानी खड़े उतरेंगे और यकीनी तौर पर कोमो मिल्लत की सही इसला हो तरबीयत भी मुमकिन हो सकेगी ।

पूरे बिहार और बेरू ने मुल्क के लिए एक खुश आइनद फैसला है कि मखशुश तौर से सर जमीन बिहार की खुशकिस्मती है के जिन्हें मौलाना फैसल वली रहमानी की शोहबत हासिल होगी और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह मौलाना वली रहमानी साहब की रहनुमाई में 30 रहमानी रफ्तार से तरक्की की राह पर गामजन है और मुसलसल नमाया खिदामत अंजाम देने में कोषा है। ठीक इसी तरह मौलाना फैसल वली रहमानी भी अपनी ओरूज ओ बाम पर रखेगी। मौलाना फैसल वली रहमानी के नो मुंतखाब होने पर मौलाना शिब्ली नोमानी साहब, साबिक एम,एल,ए इजहार अहमद साहब ,मशकुर आलम साहब, रेजा अली दानिश नायब सदर अकेलेयती सेल जनता दल यूनाइटेड बिहार जनाब अब्दुल बाकी साहब उपाध्यक्ष अकेलीती सेल जनता दल यूनाइटेड बिहार, मेजर इकबाल अहमद बिहार स्टेट जनरल सेक्रेट्री जनता दल यूनाइटेड, वगैरह ने मौलाना फैसल






वली रहमानी को भी ढेर सारी मुबारकबाद दी और हम अहले बिहार उड़ीसा और झारखंड दिल की गहराइयों से हजरत अमीर शर्यत मौलाना फैसल वली रहमानी दामात बरकातहू साहब को मुबारकबाद पेश करते हैं नेकखाहिशात इजहार करते हैं और दुआ करते हैं कि इस मंसब के हकूक अदा करने की अल्लाह अजो जल उन्हें तौफीक मरहमत फरमाए।

# वेट कंट्रोल करने के लिए खाएं कम कैलोरीज वाले ये पांच फूड्स

**आपकी बॉडी अगर ओवरवेट है, तो कुछ किलो वेट लॉस करने से ही आपकी कई हेल्थ प्रॉब्लम्स ठीक हो सकती है। यह बात सभी जानते हैं कि वजन बढ़ने के साथ ही कई हेल्थ प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। ऐसे में आपको कुछ चीजों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए, जिससे कि आपका वजन शुरू से कंट्रोल में रहे। खासतौर पर कम कैलोरीज वाली चीजें खाने से आपक वेट कंट्रोल रहता है।**



### ब्रोकली

ब्रोकली फाइबर से भरपूर होती है। इसमें विटामिन ए, सी, ई, के और बी विटामिन सहित कई विटामिन और खनिज शामिल होते हैं। इसमें लगभग 2.6 ग्राम फाइबर और प्रति 100 ग्राम में केवल 34 कैलोरी होती है, जिसके कारण वेट लॉस के लिए यह बेहतरीन ऑप्शन है।

### सेब

रोजाना सेब खाने वाले लोग सबसे कम बीमार पड़ते हैं।125 ग्राम सेब में लगभग 57 कैलोरी और लगभग तीन ग्राम फाइबर होता है। सेब टाइप 2 मधुमेह के खतरे को कम करने और डाइजेशन को बेहतर करता है। वहीं, वेट कंट्रोल के लिए सेब सबसे ज्यादा कारगर है।

### बेरीज

आपको अगर बेरीज खाना पसंद है, तो जामुन आपके लिए अच्छा ऑप्शन है। जामुन में जीरो कैलोरीज होती है। लगभग सभी बैरीज में बहुत कम कैलोरीज होती है। एक कप स्ट्रॉबेरी में लगभग 48 कैलोरी होती है, जबकि 100 ग्राम ब्लैकबेरी में 43 कैलोरी होती है। आधा कप ब्लूबेरी में लगभग 40 कैलोरी होती है।

### गाजर

गाजर को आप कच्चा खाएं या फिर पकाकर, दोनों ही तरह से यह पौष्टिकता से भरपूर होता है। विटामिन ए और फाइबर से भरपूर गाजर वजन घटाने के लिए अच्छा ऑप्शन है। वहीं, बात कैलोरी की करें, तो एक कप सर्विंग (128 ग्राम) में इसमें केवल 53 कैलोरी होती है। साथ ही गाजर आपकी आंखों की रोशनी के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

### अजवाइन

अजवाइन हाइड्रेटिंग फूड है, जिसमें लगभग 95% पानी होता है। यह लगभग जीरो कैलोरी वाला भोजन है, जो आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखता है, जिससे आपका वेट कंट्रोल रहता है। फाइबर से भरपूर, 100 ग्राम अजवाइन में केवल 16 कैलोरी होती है। इसके अलावा, इसमें कई विटामिन होते हैं, जो प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में मदद करते हैं।



# आंखों को शानदार लुक देता है आईलाइनर

कई लोगों की आदत होती है कि वह मेकअप करने के बाद भूल जाते हैं, यही वजह होती है कि लड़कियां हमेशा स्मज-प्रूफ आईलाइनर को प्रेफर करती हैं। लेकिन अगर आपके पास स्मज प्रूफ आईलाइनर नहीं है, तो आप कुछ टिप्स को फॉलो कर अपने आईलाइनर को फैलने से बचा सकती हैं। आइए, जानते हैं आइलाइनर चुनने की टिप्स

**1) सही आइलनर चुनें**

इन दिनों बाजार में कई तरह के आईलाइनर मिल जाते हैं। ऐसे में लोग सस्ते आईलाइनर के पीछे भागते हैं। लेकिन कई बार ये सस्ते आईलाईनर आंखों के लिए घातक साबित होते हैं। आप वाटरप्रूफ आईलाइनर को चुन सकते हैं। यह मेकअप के मामले में आपका सबसे अच्छा दोस्त साबित हो सकता है ।

**2) आई लिड्स पर प्राइमर**

अच्छे रिजल्ट के लिए सबसे पहले अपनी आंखों को अच्छे से आईशैडो प्राइमर के साथ प्रिपेयर करें। प्राइमर लगाने के बाद ट्रांसलूसेंट पाउडर या फ्लेश-टोन्ड आईशैडो से सेट करें। फिर आईलाइनर लगाएं।

**3) कंसीलर का इस्तेमाल**

मेकअप में कंसीलर का बहुत अच्छा रोल है। हर तरह के दाग-धब्बों को मिटाने में ये कामयाब होता है। कंसीलर की मदद से आपका आईलाइनर ज्यादा समय तक बना रहता है और फ्रेश भी दिखता है। आंखों के नीचे बहुत थोड़े से कंसीलर को अप्लाई करें।

**4) आईशैडो**

अगर आप जेल या पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं, तो यह ट्रिक आपके लिए है। सॉफ्ट या पेंसिल लाइनर्स को ज्यादा देर टिकाने के लिए, अपने आईलाइनर को मैचिंग आईशैडो से टॉप करें।

# मोबाइल यूज करते वक्त या लेटे-लेटे आसानी से कर सकते हैं ये एक्सरसाइज, घटेगी चर्बी

फिट हर कोई रहना चाहता है लेकिन ज्यादातर लोगों को एक्सर्साइज करने में दिक्कत होती है। कई बार लोग टाइम नहीं निकाल पाते तो कुछ में मोटिवेशन की कमी होती है। वे वर्कआउट करने के लिए आज-कल या नए साल के आने का इंतजार करते रहते हैं। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो कुछ आसान ट्रिक्स अपना सकते हैं। ऐक्टिव रहने के लिए जरूरी नहीं है कि आप जिम जाएं। आप घर पर लेटे, बैठे या चल-फिरकर शरीर को ऐक्टिव रख सकते हैं।



**लेटकर करें साइकलिंग**-फिट रहने के लिए अच्छे खान-पान के साथ ऐक्टिव रहना बेहद जरूरी होता है। अगर आप पूरे दिन काम करके थक जाते हैं और वर्कआउट का समय नहीं निकाल पाते तो भी शरीर को ऐक्टिव रख सकते हैं। अगर आप लेककर मोबाइल स्क्रॉल कर रहे हैं तो उस वक्त लेटे-लेटे पैरों से साइकलिंग करते रहें। लेटे-लेटे कई ऐसी एक्सरसाइज हैं जो आपके अलग-अलग बॉडी पार्ट्स को ऐक्टिव करती हैं।

**टहलकर करें फोन पर बात**

टहलना अच्छी हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है। आप मोबाइल पर बात कर रहे हैं तो हमेशा टहलकर बात करें। इससे आपके एक पंथ दो काज हो जाएंगे। आप बात करते-करते उठक-बैठक भी लगा सकते हैं, ये भी अच्छा वर्कआउट है या फिर सीढ़ियां चढ़-उतर सकते हैं।

**टीवी देखते वक्त करें डीप ब्रीदिंग**-टीवी देखते वक्त आप हाथों का मूवमेंट कर सकते हैं। इसके साथ ही डीप ब्रीदिंग की प्रैक्टिस करें। आपको कुछ दिन इसके लिए कोशिश करनी होगी लेकिन जब ये सब आपकी आदत में आ जाएगा तो काफी आसानी होगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

